# मेडीकल स्टोर व थोक दवा दुकानों पर कसा शिकंजा

## दो मेडीकल स्टोर्स के खिलाफ की गई कार्रवाई, नमूने लेकर जाँच के लिए भेजे

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03 अगस्त।** ग्वालियर शहर सहित संपूर्ण जिले में संचालित दवा दुकानों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इस क्रम में जिला औषधि निरीक्षक सुश्री अनुभूति शर्मा द्वारा मुरार क्षेत्र में स्थित 4 मेडीकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खामियां सामने आने पर 2 मेडीकल स्टोर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



जिला औषधि निरीक्षक ने लश्कर क्षेत्र में संचालित दवा दुकानों के भी विभिन्न दवाओं के 6 नमूने लेकर राज्य औषधि प्रयोगशाला में जाँच के लिए भेजे गए हैं। मेडीकल स्टोर एवं दवाओं की थोक दुकानों के निरीक्षण के दौरान खास तौर पर ड्रग लायसेंस की वैधता दवाओं का रख रखाव, दवाओं की गुणवत्ता एवं एक्सपायर्ड दवाओं के स्टॉक इत्यादि की जाँच की जा रही है।

जिला औषधि निरीक्षक सुश्री अनुभूति शर्मा ने बताया तिकोनिया मुरार के समीप स्थित भूमि मेडीकल स्टोर के संचालक द्वारा मौके पर ड्रग लायसेंस रिन्यूवल सर्टिफिकेट व क्रय-विक्रय रिकोर्ड प्रस्तुत न किये जाने पर इस मेडीकल स्टोर का संचालन एवं दवाओं का क्रय-विक्रय आगामी आदेश तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस प्रकार बंशीपुरा चौराहा स्थित न्यू शिवानी मेडीकल स्टोर पर प्रोप्राइटर व रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की वजाय अन्य व्यक्ति दवाओं की बिक्री करते हुए पाए जाने और वांछित रिकोर्ड न मिलने पर इस मेडीकल स्टोर के संचालक को ड्रग लायसेंस निरस्त करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इन मेडीकल स्टोर्स के अलावा मुरार क्षेत्र मे स्थित अम्बे मेडीकल स्टोर और जीवन मेडीकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर जाँच की गई। जिला औषधि निरीक्षक द्वारा लश्कर क्षेत्र में स्थित मुद्रा मेडीकल स्टोर से वेटनरी दवाओं, जी डी एजींसीज से मेडीकेटेड टूथपेस्ट व कान्हा सेल्स से फेसवॉश के कुल 6 नमूने लेकर राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में जाँच के लिए भेजे गए हैं। मेडीकल स्टोर एवं थोक दवा दुकानों के संचालकों द्वारा प्रस्तुत जवाब, रिकोर्ड एवं नमूनों की जाँच रिपोर्ट के आधार पर विभाग के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए कराई जा रही है टंकियों की सफाई

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** आम जन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए नगर निगम के पी एच ई अमले द्वारा शहर की टंकियों की सफाई कराई जा रही है।

कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर को साफ व शुद्ध जल प्रदाय हो, इसके लिए प्रतिवर्ष टंकियां की सफाई की जाती है । इसी क्रम में बड़ी टंकियां की सफाई कराई जा रही है, जिसमें 50 लाख लीटर क्षमता की हनुमान पहाड़ी टंकी की सफाई कराई गई, इससे दक्षिण विधानसभा की 09 टंकियों को भरा जाता है। जिसमें अवाडपुरा



पार्क, सिकंदर कंपू, हेमसिंह की परेड, ब्रिगेड, समाधिया कॉलोनी, संजय नगर, राजा गेस गोदाम आदि को भरा जाता है। इसके साथ ही शारदा विहार एवं द्वारिकापुरी टंकी की भी सफाई कराई गई। इसके साथ ही आगामी दिनों में और टंकियों की सफाई कराई जाएगी। जिससे शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

# जैन मिलन गोपाचल शाखा द्वारा किया गया पौधरोपण

## प्राण वायु देते हैं पौधे, हम इनकी करें देखभाल

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** जैन मिलन गोपाचल शाखा द्वारा आज 03 अगस्त रविवार को अचलेश्वर विहार कॉलोनी में सभी वीर और वीरांगनाओं की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जैन मिलन गोपाचल शाखा के सभी पुरुष एवं महिला सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर जैन गोपाचल शाखा के अध्यक्ष कमल पहाड़िया, सचिव राजेश जैन एवं कोषाध्यक्ष



रूपेश जैन सहित यूसी जैन, डी.के. जैन, डॉ. संजय जैन, आकाश जैन, महेश जैन, अजीत जैन, अरुण जैन, आर.के. जैन, संजय जैन, सौरभ जैन सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। महिला शंक्ति के रूप में शशि जैन, सुषमा जैन, रेखा जैन, मीनू जैन, शिखा जैन सहित सभी महिला सदस्यों ने पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की शपथ ली। इस पर अध्यक्ष कमल पहाड़िया ने कहा कि पेड़ पौधे प्राण वायु ऑक्सीजन देने के साथ पर्यावरण को भी शुद्ध रखते हैं इसीलिए हमें एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, साथ ही उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। सचिव राजेश जैन ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ों की सुरक्षा जरूरी है। पूर्व अध्यक्ष अजीत जैन ने अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित किये जाने की शपथ ली। अचलेश्वर विहार कॉलोनी के अध्यक्ष मंगेश निगम एवं वरिष्ठ भाजपा नेता उदय अग्रवाल, विजय गुप्ता, यशपाल सिंह चौहान और कॉलोनी के सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम के उपरांत सभी ने स्वल्पाहार किया।

# ग्वालियर दुग्ध संघ ने दूध खरीदी की दर बढ़ाई

## दुग्ध संकलन 8 हजार 721 से बढ़कर 17 हजार किलोग्राम प्रति दिन तक पहुँचा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** दुग्ध उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा दूध की खरीदी पर गत एक अगस्त से 20 रूपये प्रति किलो ग्राम फैट की बढोत्तरी की गई है। दुग्ध संघ द्वारा अब 820 रूपये प्रति किलो ग्राम फैट की दर से दूध क्रय किया जा रहा है।

ज्ञात हो राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा गत 13 अप्रैल को ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ को अपने आधिपत्य में लिया गया है। एनडीडीबी द्वारा दूध खरीदी में लगातार प्रति किलो ग्राम फैट के अनुसार धनराशि की वृद्धि की जा रही है, जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे है। एनडीडीबी द्वारा पिछले 70 दिनों में किये गए प्रयासों की बदौलत बड़ा बदलाव आया है। ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ का दुग्ध विक्रय मार्च माह में 11 हजार 838 लीटर प्रति दिन था जो अब बढकर औसतन 14 हजार 500 से 15 हजार प्रति दिन हो गया है। एनडीडीबी ने लंबित भुगतान करने के साथ-साथ 10-10 दिन के अंतराल से हर माह की 5, 15 व 25 तारीख को दुग्ध उत्पादक किसानों का भुगतान किया जा रहा है। दुग्ध संघ द्वारा शेष भुगतान कराने के प्रयास भी पूरी गंभीरता के साथ किए जा रहे हैं।

ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्र में दुग्ध समितियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। गत मार्च माह में संघ के कार्यक्षेत्र में मात्र 67 दुग्ध समितियां थी जो अब बढ़कर 206 हो गई है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रयासों से संघ का दुग्ध संकलन भी 8 हजार 721 किलोग्राम प्रति दिन से बढ़कर 17 हजार किलोग्राम प्रति दिन तक पहुँच गया है।

दुग्ध संघ द्वारा दूध की गुणवत्ता पर खास ध्यान दिया जा रहा है। किसानों से खरीदी गये दूध की शीतकेन्द्र व संघ स्तर पर बारीकी से जाँच की जाती है। इससे उपभोगत्ताओं को उच्च गुणवत्ता का दूध मिल रहा है। एनडीडीबी द्वारा ग्वालियर दुग्ध संघ के साँची ब्राण्ड दूध एवं दूध से बने अन्य उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है। इस दिशा में साँची हाथ बढ़ाओ अभियान के तहत शहर में जगह-जगह केनोपी लगाकर एवं अन्य माध्यमों से उपभोगत्ताओं को साँची दूध व अन्य उत्पादों की खूबियाँ बताई जा रही हैं।

# हमारा कोई मित्र, शत्रु नहीं है इसलिए क्रोध को त्याग करें

## आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के मंगल प्रवचन चंपाबाग धर्मशाला में

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** एक जीव जो कार्य करता है, वही जीव उस कर्म को भोगता है और संसार में भ्रमण करता है। हमें लगता है कि हमारे पड़ोसी हैं, रिश्तेदार हैं, पर हमारा कोई नहीं होता है। जब कर्म किया था तब बहुत साथी आए थे, जब कर्म होता है तो बहुत लोग साथ होते हैं। आज भोगना पड़ रहा है तो मात्र हम अकेले ही हैं। फल हमें अकेले ही भोगना पड़ता है। जगत में हमारा कोई मित्र और शत्रु नहीं है। इसलिए आए हुए क्रोध को त्याग करना चाहिए, क्योंकि क्रोध तो 48 मिनिट बाद शान्त हो जाता है। यह विचार आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने आज रविवार को नई



सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला मे धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आचार्य श्री ने कहा कि जैन तीर्थ गिरनार जी की सुरक्षा के लिए सभी जैन समाज को एकजुट होना पड़ेगा। युद्ध को जीतना है तो शक्ति चाहिए। यह शक्ति हमें संगठित होने से ही मिल सकती है, हम क्षत्रिय भी हैं और हम व्यापारी भी। हम झुकेने वाले नही है। हम अपने तीर्थ पर कब्जा नही होने देगे। हमें शांति से सब कार्य करना है एक जुटता दिखानी है। हम जब तक मजबुत नही होगें तब तक किसी की ताकत नही कि कोई हमें रोक ले। तीर्थ की रक्षा के लिए समाज के हर व्यक्ति को एकजुट होना पड़ेगा। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया की दिल्ली के विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने गिरनार बचाओ धर्म पदयात्रा दिल्ली से गिरनार जी तक 1500 किमी निकली थी। 02 जुलाई को गिरनार पर लड्डू चढ़ाने के बाद वापस आज रविवार को ग्वालियर आचार्य श्री सुबल सागर महाराज से मंगल आशीर्वाद लिया। संजय जैन ने कहा कि जैन समाज अपने तीर्थों के लिए हमेशा से लड़ता आया है। नेमिनाथ गिरनाजी धर्म पदयात्रा दिल्ली के बलवीर नगर से आरंभ होकर भगवान नेमिनाथ की मोक्ष स्थली गिरनार पर संपन्न हुई।अगले वर्ष भिंड नगर से 22 बस ओर अन्य जगहों से लाखों की संख्या में जैन समाज यहां एकत्रित होगा और भगवान नेमीनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पांचवी टोंक पर ही लाडू चढ़ा कर मनायेगा। संजय जैन का सम्मान शॉल श्रीफल माला पहनाकर चतुर्मास समिति के निर्मल पाटनी, बालचंद्र जैन, प्रवीण गंगवाल, कमलेश जैन, इंजी राजमल जैन, विनय कासलीवाल, वीरेंद्र बाबा, पंकज छाबड़ा, प्रमोद जैन, योगेश बोहरा, विकास जैन आदि ने किया। भक्तों ने कलशों में किया भगवान जिनेंद्र का अभिषेक। पूजन में समर्पित किए महाअर्घ्य। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में इंजी.राजमल जैन के मार्ग दर्शन में चातुर्मास स्थल जिन सहस्त्रनाम विधान में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का कलशों से अभिषेक जैन समाज के लोगो ने जयकारों के साथ किया। वही शांतिधारा प्रमोद कुमार विमला जैन लखनऊ परिवार द्वारा की गई। वही आचार्यश्री ने जिन सहस्त्रनाम विधान में पूजन में मंत्र का उच्चारण कर महिला, पुरुष और समाजजनों ने भगवान जिनेंद्र के समक्ष महाअर्घ्य समर्पित किए। पूजन के अंत में विश्वशांति यज्ञ में आहुति देकर पूरे विश्वशांति की कामनाएं की गई।

# बजरंग भक्त मंडल की साप्ताहिक गौसेवा एवं पारिवारिक गोठ आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** बजरंग भक्त मंडल द्वारा विगत 6 वर्षों से लगातार की जा रही साप्ताहिक गौसेवा के क्रम में इस सप्ताह 920 किलो हरे चारे की सेवा जनकताल स्थित गौशाला में शालिनी त्रिपाठी,अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता,अंकित तिवारी, विशाल अग्रवाल, दीपाली शर्मा, संतोष शिवहरे, राकेश बंसल, दीपक शर्मा, राजीव जादौन के सहयोग से की गई एवं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बजरंग भक्त मंडल द्वारा अपने सदस्यों के साथ एक पारिवारिक गोठ(पिकनिक) का आयोजन श्री धूमेश्वर धाम, भीतरवार पर आयोजित की गई जिसमें सभी सदस्यों ने परिवार सहित सम्मिलित हो कर पिकनिक के साथ बाबा भोलेनाथ के दर्शन, हाऊ जी आदि खेल एवं दाल बाटी चूरमा के सात्विक भोजन का आनंद लिया। आज की गौभोग सेवा में मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव राकेश मंगल,सह सचिव नमन अवस्थी, संयुक्त उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम किशोर मंगल, कार्यकारिणी सदस्य पुनेश पाल, दीपक शर्मा, दीपक बघेल, हरीश अग्रवाल,शरद पाल आदि सदस्य उपस्थित थे ।

# हरियाली की छांव में उल्लासपूर्ण तीज महोत्सव कायस्थ किरण महिला समिति का भव्य आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** कायस्थ किरण महिला समिति की ओर से लैंडमार्क एन एक्स में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उमंग के साथ किया गया। इस वर्ष की तीज थीम लहरिया और हरे परिधानों की छटा पर आधारित रही, जिसमें सभी महिलाएं पारंपरिक हरे वस्त्रों में सोलह श्रृंगार कर सजधज कर पहुँचीं। इस भव्य आयोजन में अंजलि सक्सेना को हरियाली तीज क्वीन का ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक सावन गीतों और नृत्य के साथ-साथ कई रोचक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तीज के पर्व का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा श्रीवास्तव द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर समिति की संस्थापक श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, अध्यक्ष शालिनी कुलश्रेष्ठ, सचिव रजनी श्रीवास्तव, तथा अन्य सक्रिय सदस्याएँ जैसे इंदिरा श्रीवास्तव, निधि सक्सेना, दीपा श्रीवास्तव, रंजना खरे, मृदुषा सक्सेना, योजना श्रीवास्तव, स्मृति जी, साधना श्रीवास्तव, संगीता जी, मेघा जी, पूनम जी, सुकृति जी, रिचा जी, सविता जी, कविता जी एवं अंजलि जी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम सभी के लिए स्मरणीय और भावनात्मक रूप से जुड़ाव देने वाला रहा।



# सोना चांदी व्यापारियों ने किया पुलिस टीम का सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** सोना चांदी व्यापारी संघ सराफा बाजार ने जनकगंज थाना टीम का आज सम्मान किया। टीम ने थाना टीआई अतुल सिंह सोलंकी, एसआई आलोक सिंह तोमर, मुनेंद्र सिंह सहित टीम का सोना एवं चांदी व्यवसाय संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन ,सचिव रवि प्रताप अग्रवाल, राहुल जैन, शिवम् अग्रवाल, नरोत्तम जैन ने माला, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि करीब ढाई महीने पहले चेन बनाने वाले कारखाने से 180 ग्राम सोना चोरी करके फरार हुए कारीगर को जनकगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उत्तरप्रदेश के निवासी मल्लखेड़ा तारगांव जिला उन्नाव निवासी मोनू को पुलिस ने भोजपुर से पकड़ा है। जनकगंज पुलिस ने करीब 13 लाख रुपए कीमत का 140 ग्राम सोना भी आरोपी से बरामद किया है। वही थाना इंचार्ज महोदय का बहुत-बहुत आभार किया गया।

# मितेन्द्र दर्शन सिंह का स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

## प्रथम नगर आगमन पर ग्वालियर आए नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव का खुली गाड़ी में निकला स्वागत जुलूस

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** भारतीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव मितेंद्र दर्शन सिंह आज बंदे भारत से ग्वालियर आए ट्रेन से उतरते ही रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मितेन्द्र दर्शन सिंह खुली गाड़ी में स्टेशन बजरिया, गोले का मंदिर पिंटो पार्क टंकी तिराह होते हुए अपने निवास पिंटो



पार्क पहुंचे, जहां रास्ते में जगह-जगह शहर के युवा और कांग्रेस जन द्वारा बड़ी फूलमाला के साथ फूलों की बर्षा कर स्वागत किया गया ।

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

पुरोहित डेंटल क्लिनिक
(1982 से आपकी मुस्कान की देखभाल)
हमारी सेवाएं:
- डेंटल इंप्लांट्स
- ओरल कैंसर स्क्रीनिंग
- जबड़े का फ्रैक्चर
- रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- स्माइल डिजाइनिंग
- लेजर
- ऑर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट (टेढ़े मेढ़े दांतों का इलाज

डॉ. निखिल पुरोहित (MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
डॉ. मनुस्मृति पुरोहित (MDS
(ओरल पैथोलॉजी व फॉरेंसिक डेंटिस्ट्री विशेष
PUROHIT DENTAL CLINIC Since 1982
Timing
Morning 10 A.M to 2 P.M Evening 5 P.M to 8 P.M. Sunday Evening Close
संपर्क करें- पता 35-37, शास्त्री मार्केट, लश्कर, ग्वालियर (MP) फोन- 0751-4045184, +91-9303280609